## एक नजर में

### खेत में घायल मिले युवक की मौत, गर्दन पर चोट के निशान मिले

**श्योपुर, 7 जुलाई।** श्योपुर में बड़ौदा थाना क्षेत्र के ग्राम मूंडला में एक युवक की मौत हो गई। भोजराज बैरवा (35) रविवार सुबह अपने चाचा के साथ खेत पर काम करने निकला था। कुछ देर बाद वह एक खेत में घायल अवस्था में मिला। भोजराज की गर्दन पर गहरी चोट के निशान थे। वह बोल पाने की स्थिति में नहीं थे। परिजन उन्हें तुरंत बड़ौदा अस्पताल ले गए। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। गर्दन पर मिले गहरे चोट के निशानों के कारण परिजन और ग्रामीण हत्या की आशंका जता रहे हैं। बड़ौदा थाना प्रभारी सत्यम सिंह गुर्जर ने कहा, पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस भी हत्या की संभावना से इनकार नहीं कर रही है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से चलेगा। इसी से स्पष्ट होगा कि यह हत्या का मामला है या नहीं।

### कराहल में चोरी का नहीं लगा सुराग

**श्योपुर।** कराहल कस्बे के अचारवाले सहराना क्षेत्र में हुई 2.5 लाख से अध्किक की चोरी का अभी तक पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है। बता दें कि कराहल के अचारवाले सहराना क्षेत्र निवासी रवि राठौर अपने परिवार सहित 2 जुलाई को नरवर स्थित माताजी के दर्शन के लिए गए थे। दर्शन करके लौटने पर उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। चोर घर की अलमारी से दो सोने की अंगूठी, तीन जोड़ी चांदी की पायल, दो करधनी और लगभग 2.5 लाख रुपये नकद ले उड़े। घटना को तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। इस मामले में कराध्हल थाना प्रभारी भारत सिंह गुर्जर का कहना है कि आसपास के फुटेज खंगाले जा रहे है, जल्द ही आरोपियों को पकड़ चोरी का सामान बरामद कर लिया जाएगा।

### विभिन्न मांगों को लेकर कोटवारों ने सौंपा ज्ञापन

**श्योपुर।** कोटवार संघ के अध्यक्ष रामनिवास गुर्जर ने कहा कि सरकार ने इस बार सीधे वर्दी देने का निर्णय लिया। पहले वर्दी की राशि कोटवारों के खातों में जाती थी। वे अपनी पसंद की वर्दी खरीद सकते थे, लेकिन अब जो सिलाई की हुई वर्दी दी गई है, वह घटिया है। कोटवारों ने तहसीलदार रोशनी शेख को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने वर्दी घोटाले की जांच की मांग की। साथ ही राशि को सीधे खातों में डालने की मांग रखी। अन्य प्रमुख मांगों में वेतन वृद्धि, सेवाकाल में मृत्यु पर मुआवजा शामिल है। रिटायरमेंट के बाद परिवार को नौकरी और एक लाख रुपए की सहायता राशि भी मांगी गई है। कोटवार संघ ने चेतावनी दी है कि अगस्त तक मांगें नहीं मानी गईं तो मध्य प्रदेश के सभी कोटवार परिवार के साथ भोपाल आएंगे। वे तिरंगा लेकर सीएम हाउस का घेराव करेंगे और प्रदर्शन करेंगे।



### बोर से पानी भरने की बात पर की मारपीट, मामला दर्ज

**श्योपुर।** बड़ौदा थाना क्षेत्र के नारायणपुरा गांव में ट्यूबवेल से पानी भरने की बात पर झगडा हो गया। झगडे में आरोपी ने फरियादी के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नारायणपुरा निवासी 25 वर्षीय नवल बैरवा 4 जुलाई की रात 8 बजे आरोपी के घर के सामने लगी बोर पर पानी भरने गया था, पानी भरने की बात पर दोनों के बीच झगडा हो गया। झगडे में आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए फरियादी की मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी नवल किशोर पुत्र सीतराम बैरवा की शिकायत पर अटल बैरवा के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### पुरानी रंजिश पर की मारपीट, मामला दर्ज

**श्योपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड क्रं. 01 नारनौल मोहल्ला में पुरानी रंजिश के चलते झगडा हो गया, जिसमें फरियादी का लडका घायल हो गया है। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रं. 01 निवासी रशीद मुसलमान व शोकीन खान के बीच किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी, जिसके चलते 5 जुलाई की सुबह 11:30 बजे दोनों के बीच झगडा हो गया। झगडा इतना बढ गया कि आरोपी ने पत्थर फैंककर उस पर हमला कर दिया, इस हमले में फरियादी का लडका आदिल खान घायल हो गया।

# बूथ लेबल अधिकारियों का प्रशिक्षण प्रारम्भ



**मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने दी जा रही ट्रेनिंग**

नवभारत न्यूज
**श्योपुर, 7 जुलाई।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार तथा जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में बूथ लेवल अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, श्योपुर में प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में बीएलओ अधिकारियों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 12, 14 एवं 15 जुलाई को भी क्रमश: आयोजित किया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे अनुविभागीय अधिकारी श्योपुर बीएस श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि बीएलओ को मतदाता सूची का गहन अवलोकन कर उसे वर्ष 2003 के निर्वाचन मानकों के अनुसार अद्यतन करने संबंधी निर्देश दिए गए।

विशेष रूप से फॉर्म-6 नया नाम जोड़ने हेतु, फॉर्म-7 नाम हटाने हेतु और फॉर्म-8 जानकारी संशोधन हेतु सही एवं समयबद्ध तरीके से भरने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त बीएलओ एप, फॉर्मों की डिजिटल प्रविष्टि, और डोर-टू-डोर सर्वेक्षण की तकनीकी विधियों पर भी उन्हें विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी तहसीलदार श्योपुर मनीषा मिश्रा, जनपद पंचायत श्योपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्यामसुंदर भटनागर, सहायक संचालक शिक्षा मधु शर्मा, अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारीगण तथा मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

**निर्वाचन सुधार में बीएलओ की भूमिका महत्वपूर्ण**

प्रशिक्षण के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि बूथ लेवल अधिकारियों की भूमिका लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव होती है। वे मतदाता सूची को अद्यतन रखने, पात्र मतदाताओं को जोड़ने और अपात्रों के नाम हटाने जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यों में संलग्न रहते हैं। निर्वाचन आयोग की पारदर्शिता और निष्पक्षता की प्रतिबद्धता बीएलओ के कार्य निष्पादन पर ही आधारित है।



## बाईक ध्वज यात्रा को लेकर हुई बैठक

नवभारत न्यूज
**श्योपुर, 7 जुलाई।** श्री महाकाल बाइक ध्वज यात्रा समिति की एक बैठक मोतीकुई स्थिति आश्रम पर संत श्री परमदास बालकदास बाबा के सानिध्य में सम्पन्न हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि आगामी 18 जुलाई को श्योपुर से बाबा महाकाल के दर्शनों के लिए यात्रा रवाना होगी। यात्रा टोडी गणेश मंदिर से पूजा अर्चना के साथ रवाना होगी।

समिति के अध्यक्ष राममूर्ति सौंठवा एवं सचिव तुलसी दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि, शहर से दूसरी बार ये बाइक ध्वज यात्रा रवाना होगी, जिसकी तैयारियां समिति द्वारा शुरू कर दी गई है। उन्होने बताया कि मंडल स्तर पर बड़ौदा, श्योपुर, प्रेमसर, जावड़ेश्वर, राड़ेप,कराहल, ढोढर की कार्यकारणी शीघ्र घोषित की जाएगी।


बैठक में रामलखन नापाखेडली, रमाकांत शर्मा ,सुरेंद्र बासौद, महावीर पांचाल, योगेंद्र जाट, बृजेश मुद्गल, सियाराम को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी पूर्व की भांति रहेगी। इसी तरह ओमप्रकाश कुशवाह को कोषाध्यक्ष व टिंकू शर्मा को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। बैठक में बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तालाब में डूबने से चार साल के बच्चे की मौत

नवभारत न्यूज
**श्योपुर, 7 जुलाई।** श्योपुर में 4 साल की तालाब में डूबने से मौत हो गई। हादसा गसवानी थाना क्षेत्र के बड़ौदा खुर्द में रविवार शाम को हुआ। मनजीत जगमोहन कुशवाह का इकलौता बेटा था। उसकी तीन बड़ी बहनें और एक छोटी बहन हैं। रविवार शाम मनजीत अपने घर के पास खेल रहा था। खेलते-खेलते वह सड़क की दूसरी ओर स्थित तालाब की तरफ चला गया। वहां उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में गिर गया। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। एक ग्रामीण ने बताया कि उसने बच्चे को तालाब की ओर जाते देखा था। लोगों की मदद से तालाब में खोजबीन की गई। मनजीत को बाहर निकाला गया और गंभीर हालत में विजयपुर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। गसवानी थाना प्रभारी रीना राजावत ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## जमीन का सीमांकन कर हटाया जाए कब्जा

नवभारत न्यूज
**श्योपुर, 7 जुलाई।** ग्राम शिवलाल पुरा के किसानों एवं पशु पालकों ने भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष शुभम मुद्गल के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम विजयपुर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य उद्देश फॉरेस्ट ओर तहसील की जमीन का सीमांकन कर साथ ही दबंगों से कब्जा हटाने को कहा।



किसानों एवं पशुपालकों ने मांग की है के ग्राम शिवलाल पुरा की सीमाबली जमीन जो फॉरेस्ट ने कब्जा कर रखा हुआ है उसका 50 वर्ष पुराने रिकॉर्ड के आधार पर सीमांकन कराया जाए जाए ही पड़ोस के गांव ग्राम दाउदपुर के लोग शिवलाल पुरा की सीमा वाली जमीन तहसील एवं फॉरेस्ट की चरनोई वाली जमीन पर जो कब्जा कर रखा हुआ है उसे हटाकर सख्त कानूनी कारवाही की जाए, साथ ही दाउदपुर और शिवलाल पुरा की सीमाएं निश्चित की जाए कौन सी सीमा कहां पर है ताकि शासकीय भूमियों पर जबरन कब्जा ना हो सके। साथ में पूर्व सरपंच रामप्रकाश गुर्जर,पूर्व सरपंच तेसिंग कुशवाह, इशाक खान, बाबू गुर्जर, हसन खान, सलीम खान, प्रहलाद कुशवाह, बाल्कम गुर्जर, महाराज सिंह कुशवाह, हनीफ खान,आमिर खान, शानू खान,रामवीर कुशवाह,सिद्दकी खान, हरिलाल आदिवासी, पप्पू आदिवासी, कलिया न आदिवासी , जल्लू खान, राजेन्द्र गुर्जर,इकबाल, गणेश, याकुब खान सहित गांव किसान एवं पशुपालक मौजूद रहे।

## जेल भरो प्रदर्शन में श्योपुर से जाएंगे कांग्रेसी

नवभारत न्यूज
**श्योपुर, 7 जुलाई।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर भाजपा सरकार के इशारे पर दर्ज किए गए दमनकारी ,मनमानी पूर्ण असत्य पुलिस प्रकरण के विरोध में आज 8 जुलाई को कांग्रेसी अशोकनगर में प्रदेशव्यापी न्याय सत्याग्रह कार्यक्रम में सामूहिक गिरफ्तारी देने रवाना होंगे।



इसको लेकर सोमवार को जिला कांग्रेस ने कूनो पैलेस में जिलाध्यक्ष अतुल चौहान की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें चौहान ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के मुखिया पर दबंगों से पीड़ितों की मदद करने पर मोहन सरकार ने असत्य प्रकरण मुंगावली थाने में दर्ज कर लिया। जिसके विरोध में मंगलवार को अशोकनगर में न्याय सत्याग्रह में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंधार पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह सहित प्रदेश भर के नेता ओर कार्यकर्ता सामूहिक गिरफ्तारी देकर भाजपा सरकार ओर प्रशासन की दमनकारी नीति का विरोध करेंगे।

चौहान ने बताया कि श्योपुर, बड़ौदा, विजयपुर, कराहल, वीरपुर सहित समस्त क्षेत्रों से भारी संख्या में कांग्रेसी आज सुबह रवाना होंगे। बैठक में विधायक बाबू जड़ेल, प्रदेश सचिव योगेश जाट, वरिष्ठ नेता चीनी कुरैशी, दौलत राम गुप्ता,डा कमल शर्मा, रीतेश तोमर, कैलाश गर्ग, रामभरत मीणा, मांगीलाल फौजी, इमरान खान, इंसाफ खान, सुमेर सिंह जाटव, हंसराज मीणा,डा शहजाद रज्जाक अहमद, समीम खान, रुबीना खान, बृजेश , सखावत खान, गिर्राज शर्मा, वाहिद खान सहित कई कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### अवैध शराब सहित 1 गिरफ्तार

**श्योपुर, 7 जुलाई।** ढोढर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी खिरखिरी रोड पप्पू रावत के मकान पास से शराब ले जाते गिरफ्तार किया है। तलाशी दौरान पुलिस ने उसके पास से 8 लीटर कच्ची शराब बरामद की है, जिसकी कीमत 800 रुपये है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कल्लू पुत्र अमरा बंजारा निवासी बंजारा मोहल्ला ढोढर बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# दतिया

## पहुंज रपटे पर एसडीएम, तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**रपटा पार नहीं करने की दी सलाह**

नवभारत न्यूज
**दतिया , 7 जुलाई।** बीते दिनों हुई भारी बारिश के चलते पहुंज नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे रपटे पर पानी का तेज बहाव बना हुआ है। ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की जनहानि एवं दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से एसडीएम सोनाली राजपूत, तहसीलदार सुनील भदौरिया द्वारा पहुंज रपटे पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद राजस्व व पुलिस अमले के साथ मिलकर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश जारी किए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रपटे के दोनों ओर बेरिकेडिंग करवाई ताकि कोई भी व्यक्ति अथवा वाहनधारी जल बहाव के दौरान रपटा पार करने का प्रयास न करे। साथ ही पुलिस बल को तैनात कर रपटे के दोनों छोर पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने ग्रामीणों व यात्रियों से अपील की कि वे प्रशासन द्वारा जारी की गई चेतावनी का पालन करें और जब तक जल स्तर सामान्य न हो जाए, तब तक रपटा पार करने का प्रयास न करें। एसडीएम सोनाली राजपूत ने कहा कि नदी में जल स्तर बढ़ने से रपटे पर पानी का बहाव खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है, जिससे जान-माल की हानि का खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रशासन सतर्क है और हर संभव सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं। इसके साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी करवाकर लोगों को सचेत किया जा रहा है। तहसीलदार सुनील भदौरिया ने कहा कि सुरक्षा के लिहाज से रपटा पूरी तरह बंद कर दिया गया है। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए राहत एवं बचाव दलों को भी अलर्ट रखा गया है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल प्रशासनिक निर्देशों का पालन करें।

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे मौसम व जल स्तर की स्थिति पर नजर रखें और आवश्यक कार्य होने पर ही यात्रा करें। किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें।

इस प्रकार प्रशासन द्वारा किए गए सुरक्षा उपायों से रपटे के आसपास के क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की अनहोनी की आशंका को कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान पटवारी रामकुमार यादव, एएसआई अनुरुद्द सिंह सहित राजस्व व पुलिस अमला मौजूद रहा ।

## एक नजर में

### भक्तों को गुरुपूर्णिमा पर प्रदान की जाएगी कानमंत्र दीक्षा

**दतिया, 7 जुलाई।** विश्वविख्यात त्रिकालदर्शी गृहस्थ संत पण्डोखर सरकार धाम पीठाधीश्वर गुरुशरण महाराज से गुरुदीक्षा प्राप्त करने के इच्छुक भक्तों को गुरुपूर्णिमा के अवसर पर कानमंत्र दीक्षा प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। गुरुशरण महाराज के शिष्य एवं पण्डोखर धाम के संस्थापक ट्रस्टी मुकेश कुमार गुप्ता सागर ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जो भक्त लंबे समय से दीक्षा प्राप्त करने की प्रतीक्षा कर रहे थे उन्हें 10 जुलाई को गुरुपूर्णिमा के अवसर पर गुरुशरण महाराज से च्कानमंत्र दीक्षाज्ज प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि पण्डोखर धाम स्थित आश्रम में 10 जुलाई को प्रात: 8 बजे से देर रात्रि तक गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। सुबह से भक्तगण पुष्पवती स्नान करेंगे , श्रीबालाजी सहित सदाशिव पाण्डेश्वर महादेव का अभिषेक करेंगे तथा हनुमानजी पण्डोखर सरकार , मंशापूर्ण व दादा गोरम हनुमान , द्वादश ज्योतिर्लिंगों और माता महाकाली का श्रृंगार करेंगे। इस दौरान भक्तगण उपवास रखेंगे तथा अस्वस्थता की स्थिति में वे बालभोग फ्लाहार व औषधि उपचार ले सकते हैं।





### मारपीट कर भवन निर्माण करने से रोका

**दतिया।** दतिया शहर कोतवाली क्षेत्र गांधी रोड तिगेलिया मोर वाली गली में श्रीमती मनीषा गुप्ता पत्नी अनिल गुप्ता के बेटे देव और अंश अपने भवन का निर्माण कर रहे थे तभी पड़ोस में रहने वाले रामकुमार मोर, रोहित मोर, एवं एक महिला ने आकार न सिर्फगाली गलौज की बल्कि मारपीट कर दी घटना में देव और अंश घायल हो गए हैं ।उक्त मामले की शिकायत थाना कोतवाली में की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351(2),3(5) के तहत अपराध पंजीकृत कार्यवाही शुरू कर दी है घटना से पीड़ित अनिल गुप्ता ने बताया आरोपी पड़ोस में कोचिंग संचालित करते हैं कोचिंग में पढ़ने वाले छात्रों से मोहल्ले वाले परेशान हैं ए रोज छात्र आपस में गाली गलौज और मारपीट की घटनाएं करते रहते हैं रास्ते से लड़कियां भी नहीं निकाल पाती। कोचिंग संचालक ने छात्रों के लिए वेडिंग रूम या ग्राउंड नहीं बनाया है रास्ते में मोटरसाइकिल और साइकिल रखकर जाम लगते हैं। घटना से पीड़ित के पिता अनिल गुप्ता ने बताया है हम अपनी जमीन पर दीवाल का निर्माण कर रहे थे इन्होंने हमको अवैधानिक रूप से मकान बनाने से रोका और हमारे बच्चों की मारपीट की। जबकि आरोपी सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किए हुए हैं।

## पीतांबरा पीठ के पास रोड पर अतिक्रमण करने वालों को थमाए नोटिस

नवभारत न्यूज
**श्योपुर, 7 जुलाई।** श्री पीतांबरा पीठ के पास रोड पर अतिक्रमण करने वालों को थमाए नोटिस। मंदिर के पास मैन रोड पर ही फूल मालाएं, प्रसाद वितरण काउंटर सजाने वाले दुकानदारों को थमाए गए नोटिस। शनिवार को पीतांबरा पीठ पर आने वाले श्रद्धालुओं को जाम से छुटकारा दिलाने की कबायद। नगर पालिका ने दुकानदारों को नोटिस देकर दिए अतिक्रमण हटाने के निर्देश। नोटिस के बाद भी अतिक्रमण किए पाए जाने पर हर दिन लगेगा एक हजार रुपए का जुर्माना। स्वच्छता प्रभारी रहीश कुरैशी ने टीम समेत दुकानदारों के पास जाकर दिए नोटिस। पिछले शनिवार को कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने दिए थे अतिक्रमण पर कार्रवाई करने के निर्देश।

## प्रधानमंत्री ने धारा 370 हटाकर डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार किया : पिरौनिया

नवभारत न्यूज
**दतिया , 7 जुलाई।** डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश में दो निशान, दो विधान ,दो प्रधान का विरोध किया था । आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर डॉ मुखर्जी के सपनों को साकार किया है ,और कश्मीर में आतकंवादियों को सबक सिखाने का काम किया ।



उक्त बात पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया ने भारतीय जनता पार्टी उन्नाव मंडल में आयोजित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मे मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने भाजपा की वरिष्ठ नेताओं का शॉल श्रीफ्ल से सम्मानित किया। मंडल अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश के विकास के लिए काम कर रही है । इसी तरह एक अन्य कार्यक्रम के दौरान इमलिया मंडल में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई एवं एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भांडेर के पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया विशेष अतिथि मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच दिनेश शर्मा जी अध्यक्षता इमलिया मंडल अध्यक्ष अरविंद दांगी ने की जिसमें राम निरंजन ईश्वर सिंह दांगी जय राम परिहार महेंद्र प्रजापति अभिषेक दांगी आनंद पटवा अमित प्रजापति संगम प्रजापति गोपाल प्रजापति लव कुश पटवा जितेंद्र परिहार गौरव दांगी आकाश दांगी लव कुश दांगी राजीव दांगी अभिराज दांगी रविंद्र झा पुष्पेंद्र कुशवाहा अजय नामदेव ज्ञान सिंह यादव समीर खान उपस्थित रहे।

## भगवान ने वामन अवतार लेकर राजा बलि से 3 पग भूमि का दान मांगा : कौशिक

नवभारत न्यूज
**श्योपुर, 7 जुलाई।** भगवान ने वामन अवतार लेकर राजा बलि से 3 पग भूमि का दान मांगा पर भगवान ने विराट रूप धारण कर के 2 पैरों में ही सब संपत्ति को नाप लिया, जब तीसरा पैर रखने के लिये कोई स्थान न रहा तब राजा बलि प्रभु की शरण मे आया और भगवान में तीसरा पैर बलि के सिर पर रख दिया तब जाकर राजा बलि बंधन से मुक्त हुआ,धर्म की स्थापना करने के लिये प्रभु हर युग मे समय समय पर अवतार लेते है,जब पृथ्वी पर पाप ज्यादा बढ़ गया तब भगवान ने सूर्यवंश में श्री राम के रूप में अवतार लिया, और संसार को मर्यादा का पाठ सिखया, माता पिता के प्रति,पत्नी के प्रति ,भाई के प्रति,प्रजा के प्रति,हमारा क्या कर्तव्य है यह सब राम जी का चरित्र सिखाता है।



उक्त बात श्री अनामय धाम पर चल रही श्रीमद भागवतकथा पर कथाव्यास सतीश कौशिक ने भक्तजनों के बीच कही। उन्होंने कथा के विश्राम में भगवान कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई गई,मथुरा में मामा कंस के यहाँ कारागृह में प्रगट हुए,राजा कंस से अपने बालक को बचाने के लिये किसी को खबर न पड़ी,और वसुदेव जी ने एक टोकरी में रखकर जमुना पार गोकुल में रात ही रात में नंद महल पहुँचाया,और यशोदा माँ की बालिका को मथुरा ले आये प्रात: काल नंद बाबा को समाचार प्राप्त हुआ कि सुंदर बालक का जन्म हुआ है,नंद बाबा और माँ यशोदा की खुशी का ठिकाना न रहा,और बहुत भारी उत्सव मनाया गया,84 कौस से सारे वृजबासी आये,खूब आंनद मनाया। सभी भक्तों के मुख से यही शब्द गूँजता रहा,ज्ज्नंद घर आंनद भयो, जै कन्हैया लाल कीज्ज्कथा के पश्चात आरती हुई, मुख्य यजमान सेवानिवृत्त एसडीएम आर.के.दुबे प्रणव ढेंगुला, राजेन्द्र गुप्ता मुनीम साहब,,अरुण कुमार त्रिपाठी एवं समस्त भक्त गण उपस्थित रहे।